हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

04 नगर में अतिक्रमण पर एक बार फिर चलता...



07 त्रिवेणी के संगम तट पर मेले का आयोजन हुआ, भरकेश्वर में भी हजारों ...





## समाचार संक्षेप

### विकासखंड बमोरी में खेलो एमपी यूथ गेम्स की चयन स्पर्धा का हुआ आयोजन



**गुना ।** खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत विकासखंड बमौरी के फतेहगढ में चयन स्पर्धा का आयोजन शासकीय सांदीपनि उमावि फतेहगढ में प्रातः 10 बजे से किया गया। विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का उद्घाटन बलराम नागर द्वारा किया गया। विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा में खिलाडियों ने बढ-चढकर विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर दुर्गेश चंद सक्सैना, प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, ब्लॉक क्रीडा प्रभारी कृष्णानंद भार्गव, शिवराज सिंह भदौरिया, बलजीत सिंह, अशफाक खान, शंभू दयाल सैनी आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकासखंड गुना में क्रिकेट खेल में चयन स्पर्धा का आयोजन स्वर्गीय इंदिरा देवी सिसौदिया क्रिकेट क्लव के खेल मैदान पर किया गया। उक्त चयन स्पर्धा श्री सौरभ रघुवंशी सचिव जिला क्रिकेट संघ, देवेन्द्र शर्मा, मुकुंद शर्मा, प्रवीण खांडेकर के नेतृत्व में कराई गई। विकाखंड चांचौडा में 15 जनवरी 26 को, विकासखंड राघौगढ में 16 जनवरी 26 को विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया जावेगा।

### भाजपा संकल्प,सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित: जिलाध्यक्ष




**गुना ।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों जिले के चारों विधानसभाओं के सभी मंडलों के अंतर्गत आने वाले शक्ति केंद्रों के साथ बूथ स्तरीय बैठक कर कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने में जुटी हुई है ।इसी क्रम में जिले के बमौरी विधानसभा के उमरी एवं सिरसी मंडल में दो बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित हुए और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष सिकरवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता विचार और संगठन के लिए कार्यकर्ता है। संगठन ही हमारे लिए सर्वोपरि है और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें केंद्र राज्य सरकार की योजना का लाभ दिलाए।जिले के सर्वांगीण विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति देने एवं किसानों के हितों को सशक्त करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास।

### गो सेवा करके जागृति मंच ने मनाया मकर संक्रांति, गोमाता को खिलाया चारा



**गुना।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जागृति मंच द्वारा कैंट स्थित गोशाला जाकर गो माता की सेवा ठंड से बचने के लिए गुड़ तिल के लड्डू और हरा चारा गायों को खिलाया गया । इस कार्यक्रम में जागृति मंच की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अवस्थी,उपाध्यक्ष ज्योति सुमन, प्रीति शर्मा,ममता पालीवाल,लता शर्मा,राजश्री श्रीवास्तव आदि बहनें उपस्थित रही । इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है इसमें दान का विशेष महत्व होता है इस दिन दान पुण्य तप और सेवा कर्मों का विशेष फल होता है । इसी उपलक्ष्य में जागृति मंच द्वारा गायो की सेवा कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया आने वाले समय में भी गो सेवा के लिए संकल्प लिया जागृति मंच आगे भी ऐसे ही प्रयासरत रहेगा।

### भूतपूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य वीर नारियों व उनके परिवारों को किया सम्मानित

**गुना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, गुना द्वारा भूतपूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने वीर नारियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के देश के प्रति योगदान को याद करना और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, उनके परिवारजन, जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर आशुतोष शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने अपने संबोधन में कहा, "भूतपूर्व सैनिकों का देश के प्रति योगदान अविस्मरणीय है। उनके परिवारों का सहयोग एवं उनकी वीरता पर हमें गर्व है। यह दिवस उन सभी वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण किया।" "सैनिकों ने न केवल सीमाओं की रक्षा की, बल्कि आपदा के समय भी अपनी जान जोखिम में डालकर आम नागरिकों की रक्षा की।

## मकर संक्रांति की रही धूम, आस्था-परंपरा और उल्लास का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर सहित अंचलभर में मकर संक्रांति का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।

सुबह से ही मौसम में हल्की ठंड के बीच लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया। घर-घर में रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर सूर्य देव की आराधना की गई और दान-पुण्य किया गया।मकर संक्रांति के अवसर पर शहर के आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों ने मानो उत्सव का संदेश दे दिया। बच्चों और युवाओं में





पतंगबाजी का खासा जोश देखने को मिला। मोहल्लों और मैदानों में गिल्ली-डंडा जैसे पारंपरिक खेलों के नजारे भी दिखाई दिए, जिससे पर्व की पारंपरिक छटा और भी मनमोहक हो गई।धार्मिक आस्था के केंद्र मालपुर और गादेर गुफाओं पर मेले जैसा माहौल रहा। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन-पूजन के साथ मेले का आनंद लिया। वहीं टेकरी सरकार और विभिन्न शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।पर्व के पावन अवसर पर लोगों ने गौ सेवा को भी प्राथमिकता दी। कई स्थानों पर गायों को गुड़ खिलाया गया, जिसे पुण्य का कार्य माना गया। इसके साथ ही जलाशयों, तालाबों और नदियों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

स्नान के बाद दान-पुण्य कर जरूरतमंदों को तिल, गुड़ और वस्त्र दान किए गए।कुल मिलाकर मकर संक्रांति का पर्व शहर में धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों की किलकारियों, पतंगों की उड़ान और मंदिरों की घंटियों की गूंज ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया।

### शातिर आरोपी गिरफ्तार, 1.67 लाख रुपए का माल बरामद किया

## मंदिर चोरी का गुना पुलिस ने मात्र 3 दिन में किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील, सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुना कोतवाली पुलिस ने भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में हुई चोरी की घटना का मात्र तीन दिन में सफल खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में की गई।

**घटना का विवरण :** दिनांक 11 जनवरी 2026 को फरियादी राघवेन्द्र दास गुरु ईश्वर दास महाराज (उम्र 45 वर्ष), निवासी श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, भुजरिया तालाब, गुना द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 10 जनवरी 2026 की



मध्यरात्रि में अज्ञात चोर द्वारा मंदिर परिसर के पास बने कमरे से 1,75,000 नगद,सोने की एक अंगूठी,एवं चांदी के बर्तन चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

**तेज जांच, पुख्ता रणनीति:** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी व माल बरामदगी के निर्देश दिए गए।

**विशेष टीम गठित कर :** मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गयासीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गयाआधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया गयालगातार सूचना संकलन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गई।

**आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद :**मुखबिर की सूचना पर गुना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी – प्रकाश उर्फ राजस्थानी पिता प्रीतम लाल कुशवाह उम्र – 33 वर्षनिवासी – पुरानी छावनी, थाना कोतवाली, गुनाको गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से सोने की अंगूठी (कीमत लगभग 65,000)नगद 1,02,000 इस प्रकार कुल 1,67,000 का मशरूका बरामद किया गया।

**इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका:** इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान उपनिरीक्षक चंचल तिवारी प्रधान आरक्षक रमेश गुर्जर, उमेश शर्मा, दीपक तोमर, रामकुमार रघुवंशी आरक्षक जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र वर्मा महिला आरक्षक रश्मि सेन सैनिक रंजीत समरसाइबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की भूमिका रही।

**गुना पुलिस का स्पष्ट संदेश :** गुना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।श्रद्धा स्थलों की सुरक्षा एवं नागरिकों की संपत्ति की रक्षा के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

"अपराध पर प्रहार – सुरक्षा का संकल्प"इसी भावना के साथ गुना पुलिस जिले में शांति, सुरक्षा और विश्वास की मिसाल कायम रखेगी।

## जमीनी विवाद में ठेकेदार पर जानलेवा हमला, हाईवे स्थित होटल के पास चली गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में जमीनी रंजिश के चलते खूनी खेल सामने आया है। मंगलवार रात धमनार गांव के समीप नेशनल हाईवे पर स्थित के-2 होटल के पीछे एक ठेकेदार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में ठेकेदार के हाथ में गोली लगी है, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है।हिसाब कर लौट रहे थे घर, रास्ते में घेराप्राप्त जानकारी के अनुसार, धमनार निवासी दीवान सिंह जाटव पेशे से ठेकेदार हैं। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह अपनी साइट पर मजदूरों का भुगतान और हिसाब-किताब पूरा करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान होटल के पास घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया।



चश्मदीदों और परिजनों के अनुसार, हमलावरों ने पहले दीवान सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर उन पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली उनके हाथ को चीरते हुए निकल गई, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।5 बीघा जमीन बनी रंजिश की वजहविवाद की मुख्य जड़ नेशनल हाईवे के पास स्थित करीब 5 बीघा पट्टे की जमीन बताई जा रही है। पीड़ति पक्ष का दावा है कि इस बेशकीमती जमीन पर गांव के ही कुछ रसूखदार लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। दीवान सिंह लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास कर रहे थे, जिससे आरोपी पक्ष उनसे रंजिश रख रहा था।पुलिस और प्रशासन पर उठ रहे सवालघायल ठेकेदार की पत्नी ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जमीन विवाद को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी लापरवाही का नतीजा है कि आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।वर्तमान स्थितिःफिलहाल, पुलिस ने अज्ञात और चिन्हित हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अस्पताल में पीड़ति का उपचार जारी है।

### सटोरियों से 4,300 रुपए नकद व सट्टा सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

धरनावदा थाना पुलिस द्वारा सट्टेबाजों के विरुद्ध दो सफल कार्रवाई की गईं। 13 जनवरी की शाम धरनावदा थाना पुलिस को सट्टे की अलग-अलग सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम खिरिया से धरनावदा मार्ग पर रेलवे पटरी के समीप सट्टा पर्ची काटते हुए लक्ष्मीनारायण पुत्र भवानी सिंह कुशवाह (उम्र 55 वर्ष), निवासी ग्राम आमखेड़ा, थाना धरनावदा, जिला गुना को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 2,700 रुपये नगद एवं अन्य सट्टा सामग्री जब्त की गई। उसके विरुद्ध थाना धरनावदा में अपराध क्रमांक 10/26 धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में रूठियाई क्षेत्र में ईंट भट्टों के पास से सट्टा पर्ची काटते हुए मुकेश पुत्र ज्ञानीचंद साहू (उम्र 50 वर्ष), निवासी कर्माखेड़ी, रूठियाई, थाना धरनावदा, जिला गुना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 1,600 रुपये नकद एवं अन्य सट्टा सामग्री जब्त कर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार धरनावदा थाना पुलिस द्वारा दोनों कार्रवाई में कुल 4,300 रुपये नकद एवं सट्टा सामग्री जब्त की गई।

### राघौगढ़ थाना क्षेत्र से मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई मात्र 24 घंटे में बाइक चोर गिरफ्तार चोरी हुई मोटर साइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं थाना प्रभारी राघौगढ़ आनंद कुमार राय और उनकी टीम द्वारा बाइक चोरी के एक प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है । गत दिनांक 13 जनवरी 2026 को फरियादी रामबाबू पुत्र सामलिया आदिवासी उम्र 36 साल निवासी ग्राम सेमराखेड़ा थाना आरोन के द्वारा राघौगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 02 दिसंबर 2025 को वह अपनी टीव्हीएस स्पोर्ट मोटर सायकिल क्रमांक MP08 ZA 6907 को राघौगढ़ स्थित टुका वाले हनुमान मंदिर के बाहर खड़ी कर दर्शन करने गया था, बापस लौटने पर उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । जिस पर से राघौगढ़ थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 14/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई ।मोटर साइकिल चोरी के उक्त प्रकरण में राघौगढ़ थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों को विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी के सघन प्रयास किये गये । प्रकरण में सतत सूचना संकलन एवं प्रभावी तकनीकी विश्लेषण के परिणाम स्वरुप मात्र 24 घंटे के भीतर ही मुखबिर सूचना पर आरोपी सोनू उर्फ मोटा पुत्र श्यामलाल भील उम्र 20 साल निवासी ग्राम भूमलाखेड़ी थाना मृगवास जिला गुना को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से प्रकरण में चोरी हुई मोटर साइकिल बरामद की गई है । राघौगढ़ थाना पुलिस की इस कार्रवाई में परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं थाना प्रभारी राघौगढ़ आनंद कुमार राय, सउनि सीतराम धुर्वे, प्रधान आरक्षक भप्पूलाल अहिरवार, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र शर्मा, आरक्षक देवेन्द्र नरूका, आरक्षक अजय सिकरवार, आरक्षक अनुज रघुवंशी, आरक्षक बलभद्र सिंह, आरक्षक दीपक कुशवाह एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही है ।



### संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ, प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे

## समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण: कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान शासन का एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसके माध्यम से प्रदेश के नागरिकों की समस्याओं का प्रतिदिन समाधान किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां वार्डवासी अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे और उनका यथासंभव तत्काल निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर कन्याल आज वार्ड क्रमांक 3 स्थित दुर्गा कॉलोनी में संकल्प से समाधान अभियान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास की स्वच्छता का दायित्व स्वयं लें, क्योंकि






व्यक्तिगत स्वच्छता से ही शहर की स्वच्छता संभव है।उन्होंने वार्ड पार्षदों से आह्वान किया कि वे वार्ड के जिम्मेदार नागरिकों के साथ समिति का गठन करें, जो प्रत्येक परिवार को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगी, घर के बाहर कचरा फेंकने पर जुर्माना लगाएगी तथा नगर पालिका कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण संजय श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री, वार्ड पार्षद बबीता राजेश साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।मंदिर में टीन शेड की व्यवस्था मौके पर ही कराईसंकल्प से समाधान शिविर के दौरान नागरिकों द्वारा दुर्गा मंदिर में टीन शेड की मांग रखी गई। इस पर कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड पार्षद एवं वार्ड के नागरिकों के सहयोग से मौके पर ही सहयोग राशि एकत्र कर टीन शेड की व्यवस्था कराई गई, जिससे श्रद्धालुओं को शीघ्र सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, राजेश साहू, सहायक यंत्री शैलेंद्र आवास्या, राजस्व अधिकारी योगेंद्र सिंह, आरएसआई हरि प्रसाद जाटव सहित नगर पालिका जल प्रकोष्ठ एवं कार्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के उपरांत वार्ड क्रमांक 3 में जैन मंदिर के पास स्थित पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### डाक सेवाओं में आवश्यक सुधार की मांग, विजय कुमार जैन ने संचार मंत्री सिंधिया को पत्र भेजा

**राघौगढ।** सांसद प्रतिनिधि एवं नगर पालिका राघौगढ़ के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को विस्तृत पत्र भेजकर डाक सेवाओं में सुधार की मांग की है। विजय कुमार जैन ने संचार मंत्री को भेजे पत्र में उल्लेख किया है वर्तमान में भोपाल इंदौर से स्पीड पोस्ट का पत्र राघोगढ़ लगभग 1 सप्ताह में संबंधित को वितरित होता है। जबकि पूर्व में संचार विभाग द्वारा स्पीड पोस्ट सेवा जब प्रारंभ की गई थी स्पीड पोस्ट का पत्र इंदौर भोपाल से तीसरे दिन वितरित हो जाता था। आपने लिखा है डाक विभाग की गरीबों के लिए सेवा साधारण पत्र 5 का, अंतर्देशीय पत्र एवं पोस्टकार्ड प्रचलित है। मगर साधारण डाक के पत्र एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में 20 से 25 दिन लग जाते हैं आम नागरिकों द्वारा जिस कार्यक्रम की सूचना उक्त पत्र के माध्यम से साधारण डाक द्वारा दी जाती है संबंधित को वह पत्र जब मिलता है जब वह कार्यक्रम संपन्न हो जाता है। डाक विभाग द्वारा कहना है कि साधारण डाक का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है। अनेक बार डाक के बंडल दवे रहने से भी साधारण डाक विलंब से पहुंचती है। विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है उप डाकघर राघौगढ़ में पिछले लगभग 15 दिन से डाक टिकट उपलब्ध नहीं है। राघौगढ़ नगर की जनसंख्या 35000 से अधिक है यहां एकमात्र पोस्टमैन पदस्थ है एक और पोस्टमैन पदस्थ होना चाहिए। विजय कुमार जैन ने पत्र में उल्लेख किया है हमारा सौभाग्य है कि आप भारत सरकार के संचार मंत्री हैं हमें विश्वास है कि आप डाक विभाग की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

### राघोगढ़ में भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

**गुना ।** राघोगढ़ विधानसभा के रुठियाई मंडल अंतर्गत डोंगर विजयपुर शक्ति केंद्र के ग्यारह बूथ समितियों एवं राघोगढ़ मंडल की दो शक्ति केंद्रों के आठ बूथों की बैठक आयोजित की गई जिसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई एवं पार्टी द्वारा जारी विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में चल रही भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग के लोगों को प्राप्त हो रहा है,यदि किसी पात्र व्यक्ति को किसी योजना के अंतर्गत लाभ से वंचित हो तो पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के नाते उसका कर्तव्य बनता है कि वे पात्र व्यक्तियों का सहयोग करें ।बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनसंपर्क गतिविधियों तथा बूथ स्तर तक कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला मंत्री उमा लोधी,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष कैलाश शिवहरे,युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़,पिस्ता ओझा ,संतोष धाकड़,अतुल सैनी,राजेंद्र वास्त्री,प्रकाश मीना आदि उपस्थित।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 1229 आवेदन तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 1204 आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त

**गुना।** महिला एवं बाल विकास विभाग गुना अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 74 रिक्त पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 147 पदों के पूर्ति हेतु चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके विरुद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 1229 आवेदन तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 1204 आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। जिसकी समीक्षा खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में करते हुये अनंतिम सूची का ऑनलाईन प्रकाशन किया जावेगा।

# नगर में अतिक्रमण पर एक बार फिर चलता दिखाई दिया प्रशासन का पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़



प्रशासन का पंजा एक बार फिर नगर में हुए अतिक्रमण पर चलता दिखाई दिया। प्रशासन की कार्यवाही किला बायपास , रामनगर रोड सहित बस स्टैंड तक चली। इस बीच नगरीय प्रशासन, राजस्व व पुलिस प्रशासन का अमला अधिक संख्या में मौजूद रहा। दरअसल, 'अतिक्रमण मुक्त राघौगढ़ ' को लेकर शुक्रवार से प्रशासन द्वारा फुटपाथ व नालियों पर हुए अतिक्रमण को लेकर नगर में लगातार कार्यवाही को जा रही है।

इसमें किसी भी प्रकार कोताही नहीं बरती जा रही हैं। पूरा प्रशासन अमले के साथ करीब 2 बजे रामनगर रोड से कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिसके यह करीब 4 घंटे चली। इस बीच अधिकारियों को भारी जद्दोजहद का सामना करना पड़ा। प्रशासन द्वारा दो जेसीबी की मदद से दुकानों और फुटपाथों पर हुए अतिक्रमण को हटाया गया। दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर पक्का अतिक्रमण, दुकानों के बाहर लोहे की सीढ़ियां लगाई गई थी, जिसे नगरपालिका द्वारा जेसीबी की मदद से हटावाया गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण की कार्यवाही करने से वर्षों से गंदगी से भरी पड़ी नालियों की सफाई हो सकेगी, जिसपर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा था। इस कार्यवाही में तहसीलदार अनुराग जैन, सीएमओ तेजसिंह यादव, नपाकर्मी सहित राजस्व व पुलिस प्रशासन का पूरा अमला मौजूद रहा है।नालियों से 3 फिट से ज्यादा बाहर खंभे बने मुसीबत।प्रशासन द्वारा नगर में की जा रही अतिक्रमण की कार्यवाही कही हद तक सुकून भरी रही है। परन्तु नालियों से अतिक्रमण हटाने के बाद नपा प्रशासन की मुसीबत कम भी है, नालियों से करीब 3 फीट तक खंभे बाहर है, जिससे काफी परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन इसी तरह खंभे शिफ्टिंग की कार्यवाही भी करें तो काफी हद तक आवागमन अच्छा होगा। सड़कों पर रखे दो पहिया वाहनों को नपा ने उठाया।अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान सड़कों पर दो पहिया वाहनों को भी नगरपालिका प्रशासन द्वारा उठाया गया। जिसके बाद काफी लोग अपनी दो पहिया वाहन ढूंढते हुए नजर आएं।

#### इनका कहना है

अतिक्रमण की कार्यवाही लगातार जारी है। कार्यवाही के दौरान सड़कों पर खंभे की शिकायत आई है। जल्द ही नालियों के दूर खंभों के शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाएगा। - **तेजसिंह यादव,** सीएमओ, नपा राघौगढ़।

## हर मंगलवार निकलने वाली हिंदू जागरुकता झंडा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की प्रशासन से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

सकल हिंदू समाज द्वारा प्रत्येक मंगलवार को निकाली जाने वाली हिंदू जागरूकता झंडा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन से मांग की गई है। इस संबंध में सकल हिंदू समाज, आरोन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यात्रा को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि यह झंडा यात्रा किला परिसर स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डों से होकर गुजरती है। यात्रा के दौरान रामधुन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग झंडा लेकर शामिल होते हैं। सकल हिंदू समाज ने आशंका जताई है कि कुछ असामाजिक तत्वोंके लोगों द्वारा यात्रा को बाधित करने अथवा अफवाह फैलाने की कोशिश की जा सकती है, जिससे किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में जन-धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि किसी भी संभावित घटना से बचाव हेतु झंडा यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। सकल हिंदू समाज ने स्पष्ट किया कि यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और समय रहते उचित कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।



## ड्यूटी डॉक्टर की लिस्ट दीवार पर की जाए चस्पा , पूर्व पार्षद ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

पूर्व पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि खुरम खान ने जनसुनवाई मे एक आवेदन के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी से मांग की है कि नवीन अस्पताल में कार्यरत ड्यूटी डॉक्टर के नाम मय फोटो मोबाइल नंबर के साथ एक दीवार पर लगाया जाए जिससे अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों को पता चल सके की इस समय पर कौन डॉक्टर ड्यूटी पर है और मरीज के साथ आये परिजनों को परेशान न होना पड़े देखने में आया है कि दूर अंचल से आए ग्रामीण जब अस्पताल में पहुंचता है तो उनको यह पता करने में काफी परेशानी आती है कि इस समय ड्यूटी पर कौन से डॉक्टर उपलब्ध हैं पता ना होने के कारण ड्यूटी डॉक्टर के कक्ष को ढूंढने में मरीज के परिजनों को खासी मशक्कत करना पड़ती है जिससे मरीज को तुरंत इलाज नहीं मिल पाता है जिससे कई बार समय पर इलाज ना मिलने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है इसके साथ- परेशान मरीज एवं उसके परिजनों का अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ उपस्थित स्टॉफ के साथ वाद विवाद की स्थिति बन जाती है अतः किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए अस्पताल प्रबंधन को तुरंत ड्यूटी डॉक्टर के साथ ड्युटी पर उपलब्ध समस्त स्टॉफ की लिस्ट अस्पताल की मुख्य दीवार पर लगायी जानी चाहिए जिससे मरीज को इलाज के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े नवीन अस्पताल में होने वाले नित्य विवादों की स्थिति से बचा जा सके।

## आरोन में पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही, समय पर उपचार नहीं मिलने से हो रही गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



क्षेत्र में सड़कों पर घायल और तड़पती गायों के प्रति पशु चिकित्सा विभाग और प्रशासन की लापरवाही एक गंभीर समस्या है, जहाँ घायल पशुओं के इलाज के लिए तुरंत सहायता नहीं मिलती, जिससे वे दर्द में तड़पते रहते हैं और कई बार दम तोड़ देते हैं,।

जबकि स्थानीय प्रशासन और विभाग के कर्मचारी मदद के लिए अक्सर गोशालाओं या अन्य समाजसेवी संस्थाओं का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं, जिससे यह मानवीय और नैतिक मुद्दा अनसुलझा रह जाता है और नागरिकों में आक्रोश बढ़ता है । पशु चिकित्सा विभाग के मनोज बागरी द्वारा एक लिस्ट जारी की गई जिसमें सात दिन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) की ड्यूटी लगाई गई है जो खुद कभी पशु के इलाज के लिए नहीं आते है। ' बल्कि इन्होंने लड़के रख रखे है उनको भेजा जाता है खास बात तो ये है कि ये लोग सब आरोन लोकल के निवासी है और लोकल में ही ड्यूटी कर रहे है जिससे कि कोई इनकी शिकायत करता है तो ये शिकायतकर्ता पर शिकायत बंद कराने हेतु दबाव बनाते है एवं उसके घर पहुंचकर शिकायत बंद कराने का दबाव डालते है एवं अपने से बड़े अधिकारियों से भी कॉल करवाते है कि शिकायत बंद करे सर्दी के मौसम में प्रतिदिन सैकड़ों पशुओं की मृत्यु बस समय पर इलाज न मिलने के कारण हो रही है जो कि अत्यंत दुखद है इस विषय में नागरिकों में आक्रोश है ।

नगर के जनसेवा टीम से जुड़े मिथुन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोन क्षेत्र में आधे से ज्यादा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) आरोन के निवासी है जो फील्ड में खुद कभी निराश्रित पशु के उपचार के लिए नहीं पहुंचते है बल्कि इनके द्वारा कुछ गौसेवक रखे है जो कुछ नहीं जानते है और पशु के उपचार के लिए आते है जब हम इनसे कहते है तो ये आरोन के होने का रोब झड़ते है और हम लोगों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देते है इस विषय में पूर्व में एसडीएम आरोन को भी शिकायत की गई लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

## विज्ञान, गणित, पर्यावरण व सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. पठार अशोकनगर में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित जिनमे 45 मॉडल, 7 सॉर्ट प्ले, 8 सोलो सांग, 7 सेमीनार से संबंधित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा लाये गए मॉडल को चयन समिति द्वारा अंक दिये गए, जिसमें अंको के आधार पर पोर्टल द्वारा राज्य स्तर पर चयन किया जायेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन एवं सहायक संचालक ऐनिस जैन, महेन्द्र कुमार जैन एपीसी अकादमिक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चैधरी एपीसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा सभी मॉडलों का निरीक्षण किया गया एवं बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विनोद सिहारे, जगमोहन सिंह यादव बीएसी, धर्मेन्द्र झा बीएसी, संदीप चैबे सीएसी, दिलीप रघुवंशी सीएसी धर्मेन्द्र अरोरा, कबूल सिंह धाकड़ सीएसी, बलराम शर्मा शिक्षक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।



## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा का किया औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढोरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पीएनसी वार्ड, प्रस्तुति कक्ष, ऑपरेटिव वार्ड एवं पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सक समय पर उपस्थित होकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाए दे। भ्रमण के दौरान शाढौरा स्थित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास तथा शासकीय बालक सीनियर छात्रावास बंद मिलने पर संबंधित अधीक्षकों को कारण बताओं सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये गए।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला अशोकनगर के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारीगण को राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह कें अंतर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में वुधवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा इन्दिरा पार्क अशोकनगर पर एवं थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम नारायणपुर, थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव द्वारा मौला डैम पर लगे मेले में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सडक दुघर्टनाओं को कम करने एंव यातायात जागरूकता संबंधी चलाई जा रही विभिन्न योजनायें जैसे राहवीर योजना, कैशलेश योजना एंव हिट एण्ड रन योजना में मृत्यु गंभीर घायलों को सहायता राशि मिलने संबंधी जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

जिसमें राहवीर योजना के अंतर्गत सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने जान बचाने पर 25 हजार रूपये की इनामी राशि प्रदान करने की जानकारी दी।

दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन व्यक्ति न बैठाना व चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट अवश्य पहनने एंव नशे की हालत में वाहन न चलाने वाहन चलाते समय गति सीमा उल्लंघन न करे, आपातकालीन वाहनों को सदैव रास्ता दे, नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दें, जिससे जागरूक किया गया।

### जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल रफीक खान की उपस्थिति में बुधवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशगण द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया। इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं।

**मेघदत्त सागर महाराज ने अपने आशीष वचनों से श्रद्धालुओं को बताया अध्यात्म का महत्व**

# जैन धर्म हमको मर्यादित आचरण करना सिखाता हैः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्थानीय शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर में मुनिश्री मेघदत्त सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा हमारा देश धार्मिक संस्कृतियों से सम्पन्न देश है। जैन धर्म हमें मर्यादित आचरण करना सिखाता है, स्वच्छदंता पर रोक लगाता है, जैन धर्म स्वयं जीने का और जियो और जीने का दर्शन है, दूसरों को नहीं स्वयं को नियंत्रित करने का दर्शन है जिसके सहारे हम सब कुछ पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म हमें राग,द्वेश,मोह,कसाय का त्याग करना सिखाता है। आज हमारे पास धन तो है परन्तु अनुशासन,संस्कृति, नैतिकता के आचरण का अभाव है इसी कारण हम दुःखी हो रहे हैं। अगर हम धर्माचरण का पालन करें तो सुखी हो सकते हैं।

**मां के संस्कार ही परमात्मा बना सकते हैं-वृषभदत्त सागर जी** इस मौके पर मुनि वृषभदत्त सागर जी ने कहा कि संस्कार का अर्थ सुधारना है, दुर्गुणों का परिहार करना है ओर व्यक्ति में गुणों का समावेश करना है उसकी उपयोगिता और मूल्य का संर्वधन करना है। संस्कार का अर्थ है व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में बैठने योग्य बना देना। मां के संस्कारों के बल पर ही आदमी परमात्मा बनता है क्योंकि मां से ज्ञान और अनुभव दोनों मिलते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने वाले स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए क्योंकि ज्ञान का चश्मा हो, संस्कार की आंखों में रोशनी हो। संस्कारविहीन ज्ञान अंधे की आंखों में चड़े चश्में के समान है जिसका कोई मूल्य नहीं है। यदि ज्ञान अगूंठी है तो संस्कार जड़ा नग है जो अंगूठी को मूल्यवान बनाता है। उन्होंने कहा कि मां सावुन की तरह है जो आपके जीवन से कुसंस्कारों का मैल निकालती है, मां शांति का आगर है करूणा का सागर, मां शीतल छाया है, मां दुनिया की माया है, मां अमृत की प्याली है, मा बिन जीवन खाली है। पिता सत्य का उदघाटक है, पिता जीवन का घटक है, पिता बेटे के लिए रोटी,कपड़ा और मकान है एवं समस्याओं का समाधान है, पिता वृक्ष की छांव है, पिता चलने के लिए पांव है।



### श्रीराम जय राम जय जय राम की धुन के साथ निकली मंगल प्रभात फेरी

**अशोकनगर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगल प्रभातफेरी निकाली गई और श्री राम जय राम जय जय राम की धुन गूंजती सुनाई दी। नईसरायं में इस कार्यक्रम का आयोजन लगभग 10 वर्षों से मकर संक्रांति पर्व पर किया जाता है और इस बार भी किया गया मंगल प्रभात फेरी में नईसराय कस्बे के भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी भक्त सुबह 5 बजे शीतला माता मंदिर हनुमान मंदिर पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ शीतला माता मंदिर हनुमान मंदिर नईसराय से किया गया और श्री राम जय राम जय जय राम की धुन पूरे नईसराय कस्बे में सुनाई दी। इस कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष विजयधर सेन एवं ईश्वर लाल शिवहरे द्वारा प्रभात फेरी निकलने वाले सदस्यों का तिलक माला पहनकर एवं श्रीफल देकर स्वागत किया।



सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी द्वारा भी प्रभात फैरी सदस्यों का स्वागत किया गया डॉ राम प्रसाद सेन द्वारा भी प्रभात फेरी सदस्यों का गीता बुक देकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रभात फेरी के सदस्य मिंटू लाल ओझा, राम भरोसा रजक, भरोसा शिवहरे और भरोसा नामदेव को शाल श्रीफल से सम्मानित किया

वैसे भी मकर संक्रांति पर्व पर मंगल प्रभात फेरी निकालने की परंपरा बहुत पुरानी है इससे पहले स्वर्गीय मिश्रीलाल सेन द्वारा प्रभात फेरी का सिलसिला चालू किया गया था यही प्रथा कस्बे के लोग सुचारू रूप से चला रहे हैं मंगल प्रभात फेरी में बड़ी सख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### शाढ़ौरा में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**शाढ़ौरा।** कलेक्टर के निर्देशन मे नगर परिषद शाढ़ौरा द्वारा राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन आनंद उत्सब 2026 के तहत मकर संक्रान्ति के अबसर पर महिला ब पुरुषो का रस्साकसी कार्यक्रम कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक बर्मा ने बताया कि आम जनता को आनंद से परिचित कराने के लिये राज्य आनंद संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है नगरीय क्षेत्रो मै आनंद उत्सव के दोरान विभिन्न कार्यक्रम कराये जा रहे है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीसी के माध्यम से एसआईआर के संबंध में दिए निर्देश

**अशोकनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल संजीव कुमार झा द्वारा बुधवार को निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान नो मौपिंग मतदाताओं की सुनवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही ईआरओ तथा एईआरओ द्वारा वास्तविक परीक्षण दस्तावेज का सत्यापन, प्रतिवेदन अपलोड प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। वीसी में अशोकनगर जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह शामिल हुए।

### मक्का की फसल बेचने पर की मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांतिनाथ मंदिर मार्ग अशोकनगर निवासी नीरज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास जैन, राहुल जैन निवासी मगरदा ने मक्के की फसल बेचने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

नदी में आस्था के पर्व मकर सक्रांति पर लोगों ने डुबकी लगाई, किया दान-पुण्य

# त्रिवेणी के संगम तट पर मेले का आयोजन हुआ, भरकेश्वर में भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मकर सक्रांति का पर्व स्नान और दान का पर्व है। यह पर्व यह पर्व अशोकनगर से 8 किमी दूर ग्राम तूमैन के समीप त्रिवेणी नदी पर मनाया जाता है। यहा बडी संख्या मे लोगो ने नदी मे स्नान किया सूर्य को अर्घ दिया। इसी तरह पिपरई थाने के अंतर्गत भरकेश्वर मेले में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे यहां शिवालय में प्रसाद चढ़ाया और स्नान किया।

मकर सक्रांति के इस मौके पर त्रिवेणी नदी के घाट पर मेले का आयोजन भी किया गया। इस मेले बडी संख्या मे लोग अपनी दुकाने लेकर पहुचें। ग्रामीण शैली के इस मेले मे तरह तरह की वस्तुए नजर आईं। सबसे अधिक उत्साह महिलाओ मे देखने को मिला। इस दौरान महिलाओ ने अपने पंसद की सामग्री खरीदी। सौन्दर्य प्रसाधन की सामग्री महिलाए खरीदते हुए देखी गई। इस मेले मे वर्तन की दुकान भी खूब सजी और मनोरंजन के साधन भी नजर आए। इस मेले की तैयारी ग्राम पंचायत द्वारा की जाती है। कचनार पुलिस भी इस मेले को लेकर देखी गई। त्रिवेणी नदी में अनेक लोगों ने डूबकी लगाई और सूर्य को अर्ग दिया। सुबह से लेकर लगातार पूरे दिन





यहां स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे। यहां लगने वाले मेले में आसपास के ग्रामों से भी ग्रामीण पहुंचे और अपनी पंसद की वस्तुए खरीदतें नजर आए।

भरकेश्वर धाम में लोगों ने स्नान किए शिवजी को प्रसाद चढ़ाया, नाग नागिन के दर्शन कर पूरा कुंड भोले बम्ब से गूंजा

पिपरई के समीपस्थ ग्राम पंचायत गरेंठी जमाखेड़ी के पास भरके स्वर में मकर संक्रांति पर लगने वाला मेला इस वार भी खूब भरा। लोगों में मेले को लेकर काफी उत्साह देखा गया।और खानपान की दुकानों सहित अन्य दुकानों पर लोगों ने खूब खरीदी की जिससे दुकानदारों में भी प्रशंसा देखी गयी।

मकर सक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई ओर भगवान शंकर को प्रसादी भेंट की ओर वावा भोले बम्ब से माहौल धर्म मगन करते रहे। दो पहाड़ों के बीचों बीच मे नाग नागिन केवल मकर संक्रांति पर ही दर्शन देने आते हैं।और श्रद्धालुओं में दिन भर नाग नागिन देवता के दर्शन करने की होड़ लगी रही।ओर जोर जोर से भोले बम से पूरा कुंड धर्म मग्न हो गया माता वाहिनों में भी दर्शन करने की होड लगी रही।

### वनवासी बस्ती में मकर संक्रांति उत्सव संपन्न

**अशोकनगर।** काका गावरीकर स्मृति सेवा न्यास द्वारा ग्राम मुल्लाखेड़ी वनवासी बस्ती में वनवासियों के बीच मकर संक्रांति उत्सव समरस्ता के रूप में मनाया गया। सेवा न्यास के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन जनजागरण के लिए विशेष प्रयत्न बताए। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वावलंबी जीवन और नागरिक कर्तव्य बोध को समझाया। वरिष्ठ नागरिक संघ के जिला अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने मकर संक्रांति के महत्व को समझाया। डॉक्टर सुषमा गोयल ने सामाजिक समरसता पर कहा कि जैसे तिल-गुड़ मिलकर एक लड्डू बनता है, वैसे ही समाज को जाति भेद मिटाकर एकरस होना चाहिए। कमलेश यादव ने बताया कि हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करना चाहिए। माताएँ बच्चों की प्रथम गुरु हैं, और लड़की होने पर भी हमें प्रसन्नता होनी चाहिए। चंदा शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं और यह एक शुभ दिन माना जाता है। सतीश बुधौलिया ने 'हिंदू-हिंदू एक रहें' गीत सुनाया। कार्यक्रम के अंत में वनवासी बस्ती के बंधुओं, महिलाओं को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किए गए और तिल, राजगिरा, फुली, गुड़ के लड्डू भी बाँटे गए।

### घोटा घाट आदिवासी बस्ती में मकर सक्रांति पर्व मनाया

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद ने सामाजिक समरसता के अंतर्गत स्थानीय गोराघाट आदिवासी बस्ती में मकर सक्रांति का पर्व मनाया। जहां पर बस्ती के सभी बच्चों को गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत अर्चक मंदिर संपर्क प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार से हिंदू सनातन धर्म है वह वैज्ञानिक धर्म है यह पर्व जो समरसता का पर्व है मकर संक्रांति का पर्व है भगवान सूर्य नारायण का पर्व है क्यों भगवान सूर्य नारायण उत्तरायण हो रहे हैं सबके जीवन में मंगल करें ऐसी हम कामना करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में हम सबको संकल्प लेना है पंच परिवर्तन अपने स्वयं के अंदर लाना है समाज मे भी करना है और समाज में जो विषमताएं आ गई है उनको दूर करना है।

### थाना नईसरांय को मिली सफलता मात्र 01 घंटे में पशु चिकित्सालय के कर्मचारी को कर लिया दस्तयाब

**अशोकनगर।** नईसरांय पुलिस ने मात्र 01घंटे में पशु चिकित्सालय के कर्मचारी को दस्तयाब किया गया है। दिनांक 13.01.2026 को फरियादिया उर्मिला बाई पत्नि रघुवीर बाल्मीक, निवासी कस्बा नईसरांय द्वारा थाना नईसरांय में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति रघुवीर बाल्मीक, जो कि पशु चिकित्सालय ग्राम छापर में पदस्थ हैं, ड्यूटी के दौरान अचानक लापता हो गए हैं। फरियादिया की रिपोर्ट के आधार पर थाना नईसरांय में गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना नईसरांय में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नईसरांय उनि. मनीष गुर्जर द्वारा तत्काल टीम गठित कर संभावित स्थानों पर त्वरित तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 01 घंटे में रघुवीर पुत्र मांगीलाल बाल्मीक उम्र 45 साल निवासी कस्वा नईसरांय को ग्राम सोहपुर चक्क से सकुशल दस्तयाव किया गया। गुमशुदा व्यक्ति के दस्तयाब होने पर परिजनों एवं क्षेत्र की आम जनता द्वारा पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशील कार्यवाही की सराहना की गई।



### दो बाईक आपस में टकराईं मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत निर्माणाधीन टोल टेक्स चंदेरी मुंगावली रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं दोनो ने एक दूसरे पर मामले दर्ज कराएं है। एक पक्ष की ओर से ग्राम जीरोन थाना जाखलौन जिला ललितपुर निवासी मान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 15 एमएन 5327 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विवेक अहिरवार निवासी मुंगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक यूपी 94 एके 0407 के चालक ने अपने बाईक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरी लोहावाद में दीपक रघुवंशी के खेत के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें विनोद पाल, दीपक रघुवंशी, मालमसिंह अहिरवार, जगदीश कुशवाह, अशोक कुशवाह, और रामकृष्ण रघुवंशी शामिल हैं जिनसे 22330 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ग्राम कोलुआ में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए चिरोंजीलाल अहिरवार, बालकिशन अहिरवार और संदीप अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 500 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोलुआ चक्क पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए काशीराम बाल्मीक और अनिल अहिरवार को गिरफ्तार किया है।

## आज से 3 दिवसीय महामहोत्सव की शुरुआत मेरु पर्वत की तर्ज पर 18 द्रव्यों होगा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुराना चैराहा स्थित वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर के 14वें ध्वजा महोत्सव (वर्षगांठ) का भव्य शुभारंभ आज गुरुवार दोपहर 12:39 बजे परमात्मा के विशिष्ट अनुष्ठान 18 अभिषेक के साथ होगा। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि प्राचीन काल में मेरु पर्वत पर देवों ने जिन दुर्लभ द्रव्यों से परमात्मा का जन्माभिषेक किया था, आज उसी का अनुकरण करते हुए सोने के पाउडर मिश्रित जल, पंचरत्न चूर्ण (मोती, सोना, चांदी, मूंगा, तांबा), 21 जड़ी-बूटियों, मंगल मृत्तिका, केसर-कस्तूरी और

**महोत्सव की रूपरेखा**

- 15 जनवरी दोपहर 12 :39 बजे भव्य 18 अभिषेक पूजन।
- 16 जनवरी में तेरस के पावन अवसर पर सुबह 9 :30 बजे पालकी यात्रा (वरघोड़ा) और दोपहर 12 :39 बजे ध्वजारोहण।
- 17 जनवरी गौतम स्वामी महापूजन।

प्रभु का अभिषेक किया जाएगा। 18 अभिषेक विधान का मूल मंत्र परमात्मा के अभिषेक के साथ कर्मों की निर्जरा करना है। ये 18 द्रव्य शुभ संकल्पों के प्रतीक हैं। 18 अभिषेक आत्मशुद्धि का माध्यम है।

इससे पूर्व, बुधवार की धर्मसभा में धर्मसभा में प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा. की सुशिष्याओं प.पू. साध्वी श्री भव्योदया श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री गुणोदया श्री जी म.सा. एवं प.पू. साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी म.सा. ने महामंत्री पेथड़ शाह का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया, एक बार पेथड़ शाह जिनालय में परमात्मा की पूजा कर रहे थे। उसी समय राजा ने उन्हें किसी जरूरी काम से दरबार में बुलाने के लिए सन्देश भेजा।

## शादी विवाह में हल्दी मेहंदी और प्री वेडिंग पर रोक, न मानने पर जुर्माना

**अशोकनगर।** सिख समाज के द्वारा अशोकनगर गुरूद्वारा पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी के द्वारा अपने विचार और सुझाव प्रदान किए गए। जिसमें शादियों में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने का निर्णय लिया गया।

प्रबंधन कमैटी पूर्वक द्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में यह निर्णय लिए गए कि शादी समारोह में लड़की के परिवार वालों की ओर से लड़के के परिवार को सोने की अंगूठी या सोने के आभूषण गिफ्ट में नहीं दिए जाएं। शादी के कई अन्य जैसे हल्दी मेहंदी कार्यक्रम जो फिजूल खर्ची को बढ़ाते हैं उनको सादा तरीके से किया जाए। गमी के कार्यक्रमों में लंगर की मर्यादा अनुरूप सादा लंगर चलाया जाए। प्री वेडिंग फोटो शूट करने पर भी पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया



गया है। गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अशोकनगर के प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि समाज में इस तरह के निर्णय लेना अति आवश्यक हो गया था। और जो इन निर्णय को नहीं मानेगा उस पर जुर्माना राशि भी रखी गई है जो अलग-अलग 5100 से 100000 तक रखी गई है। यह निर्णय समाज के कई ग्रामीण और क्षेत्रीय गुरुद्वारों से आए प्रबंधकों के साथ अशोकनगर जिले की सर्व संगत द्वारा लिया गया है जो अशोकनगर जिले में पूरी सिख संगत के लिए मान्य होगा।

## करीला धाम के निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें अधिकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आगामी माह मार्च में करीला धाम में लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं एवं व्हीआईपी आगमन को लेकर किये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो को समय सीमा में अधिकारी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्टर कांफ्रेस कक्ष मे आयोजित निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने करीला धाम में आने वाले व्हीआईपी



को लेकर बनाये जाने वाले हैलीपेड के निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने एप्रोच रोड की मरम्मत कार्य, व्हीआईपी पार्किंग निर्माण, नेशनल हाईवे रोडों की मरम्मत का कार्य बीलाखेडी से करीला धाम मार्ग निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने व्हीआईपी पार्किंग सहित पक्की सड़क निर्माण के संबंध में अधिकारियों को कार्य समय सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम द्वारा पेयजल व्यवस्था ,पानी की सप्लाई,पानी की टंकियों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा कर समुचित पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिये। सामुदायिक शौचालय,सीता रसोई के संबंध में समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकरियों से निर्माण कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी ली।

## छोटी तहसील में काम बाबुओं के अप-डाउन के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला कलेक्ट्रेट में लंबे समय तक पदस्थ रहे दो बाबू बीते कुछ महीनों से बहादुरपुर तहसील में पदस्थ हैं। दोनों बाबुओं की उपस्थिति कार्यालय में तय समय पर नहीं हो रही है। अपने निजी चार पहिया वाहनों से अशोकनगर से अप-डाउन करने वाले यह दोनों बाबू सुबह दस बजे के बजाय कभी दोपहर में बारह बजे तो कभी-कभी एक बजे तक आते हैं। इनसे संबंधित कामकाजों के लिए किसान इनका इंतजार करते रहते हैं। खास बात है कि बाबुओं के समय पर न आने के कारण तहसील कार्यालय के आवष्यक कामकाज अन्य लोगों से कराए जाते हैं। क्योंकि कई बार हिदायत देने के बाद इनके तहसील में देरी से आने में सुधार नहीं हुआ है।

बताया गया है कि जुलाई माह में कलेक्टर



रीडर के पद से हटाकर असीम कुरैषी को बहादुरपुर तहसीलदार का रीडर बनाया गया था। इसी तरह कलेक्ट्रेट की स्थापना षाखा से निलंबित कर नवंबर माह में पूर्णिमानंद व्यास को बहादुरपुर तहसील में पदस्थ किया गया था, जो वर्तमान में सिविल सूट के मामले देख रहे हैं। यह दोनों बाबू कलेक्ट्रेट में लंबे समय तक मलाईदार षाखाओं में रहे

**तहसीलदार देख रहे एक साथ तीन प्रभार**

बहादुरपुर तहसील का गठन सन 2018 में हुआ था। गठन के दौरान इसे तीन राजस्व वृत्तों में बांटा गया था और एक तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार के पद सृजित किए गए थे। वर्तमान में नायब तहसीलदार कैलाष मालवीय घाट बमुरिया वृत्त पर पदस्थ हैं। जिनके पास अथाईखेड़ा वृत्त का प्रभार होने के साथ बहादुरपुर तहसीलदार का भी प्रभार है। इस के बाद भी तहसीलदार श्री मालवीय नियत समय से पहले कार्यालय में पहुंच रहे हैं और देर रात काम निपटाने के बाद निकलते हैं।

बहादुरपुर तहसील में कुल 35 पटवारी हल्कों के साथ 90 गावं हैं। इसमें तहसीलदार-एक पद, नायब तहसीलदार-2, सहायक ग्रेड-2 के दो पद, सहायक ग्रेड-3 के चार पद, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के तीन पद, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार के एक पद, वाहन चालक के एक पद और भृत्य का एक पद, कुल 20 पद सृजित किए गए हैं। जिनमें से अधिकांष पद रिक्त हैं।

**इनका कहना है**

मैंने एक ऑर्डर सभी कर्मचारियों के लिए जारी किया है कि वह नियत समय पर उपस्थित हों। अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही हम बायोमेट्रिक मषीन के माध्यम से उपस्थिति लेना प्रारंभ कर रहे हैं।

**कैलाष मालवीय**, तहसीलदार, बहादुरपुर

झीला में कलेक्टर का निरीक्षण, लापरवाहों पर दिखाई नाराजगी

## शिक्षक, सचिव और रोजगार सहायक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एक ओर मकर सक्रांति का त्यौहार होने के कारण विभिन्न विभागों के कर्मचारी कार्यालयों में नहीं आए, लेकिन जिले के जागरूक कलेक्टर आदित्य सिंह सीधे झीला गांव जा पहुंचे। उन्होंने यहां स्कूल,आंगनवाड़ी, पंचायत, स्वास्थ्य केन्द्र आदि का निरीक्षण किया। कईं जगह कर्मचारी नहीं मिले जिसके बाद कलेक्टर द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

**प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को भ्रमण के दौरान तहसील शाढौरा के ग्राम झीला के माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक में मध्यान्ह भोजन पंजी, बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय में अनुपस्थित शिक्षक देवीलाल अहिरवार को



कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने बच्चों के लिये बनने वाले मध्यान्ह भोजन हेतु किचन शेड का निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन चूल्हे बनते पाये जाने पर निर्देश दिये कि मध्यान्ह भोजन गैस चूल्हे पर तैयार कराया जाएं।

**आंगनवाडी केन्द्र का लिया जायजा।** भ्रमण के दौरान कलेक्टर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र झीला पहुंचकर आंगनवाडी संचालन के बारे मे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्र में दर्ज बच्चों की संख्या एवं उपस्थित पंजी का अवलोकन किया। उन्होने बच्चों को दिये जाने वाले नाश्ता, भोजन के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान आंगनवाडी कार्यकता



राजकुमारी भार्गव तथा सबिता ने बताया कि आंगनवाडी केन्द्र में 145 बच्चे दर्ज है। जिसमें से 03 बच्चे मेम श्रेणी में है। जिनको एनआरसी मे भर्ती कराने के निर्देश दिये।

**कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत भवन झीला का किया निरीक्षण** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को भ्रमण के दौरान तहसील शाढौरा के ग्राम पंचायत भवन झीला का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन की व्यवस्थाओं को देखा। पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय पर अनुपस्थित मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओं सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये।

### जलालपुर: कलेक्टर ने सभी विभागों का कामकाज परखा

**अशोकनगर।** झीला के बाद कलेक्टर ग्राम जलालपुर पहुंचे वहां भी उन्होंने झीला की तरह ही जलालपुर में जमीनी स्तर के कार्यालयों का निरीक्षण किया। कईं जगह अनियमित्ताएं मिलीं, कलेक्टर के इस तरह पहुंचने पर विभागों के लोगों में हड़कंप मच गया, उन्हें नहीं पता था कि त्यौहार के दिन भी कलेक्टर निरीक्षण के लिए आ सकते हैं। शासकीय हाई स्कूल जलालपुर पहुंचकर कलेक्टर आदित्य सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया। साथ ही स्कूल की प्रयोगशाला में पहुंचकर प्रयोगशाला की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित शिक्षक को प्रयोगशाला व्यवस्थित रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी पंजी व्यवस्थित रूप से संधारित किये जाने के निर्देश दिये। लाइब्रेरी के व्यवस्थित रूप संचालित नही होने पर प्राथमिक शिक्षक संजीव रघुवंशी को कारण बताओ नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए गए। आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

## मैत्री कप सीजन 05 प्रतियोगिता का समापन, रोमांच से भरा रहा फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर का मैदान उस दिन खुशियों और क्रिकेट के उत्साह से गूंज उठा, जब मैत्री कप सीजन 05 का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद स्वर्गीय सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया, जिसे सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**विजेता और उपविजेता टीमों के साथ सर्वेश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरूस्कार दिए गए** उक्त स्पर्धा में 16 टीमों ने भाग लिया, 37 मैच खेले गए,कुल रन बने 6,713,कुल विकेट गिरे 545,कुल चैके लगे 573 कुल छक्के लगे 347, कुल कैच पकड़े गए 349। विशेष आकर्षण टूर्नामेंट में कुल 920 रन सिर्फ चैकों और छक्कों से बने। अधिकांश मैच 10 ओवर के टी 10 फॉर्मेट



में हुए, जिससे खेल तेज़ और रोमांचक बना। फाइनल मुकाबला और विजेता,विजेता हरजोत 11 (गरेंठी), उपविजेता सियाराम इलेक्ट्रिकल रही, हरजोत 11 गरेंठी टीम ने 8 विकेट पर 93 रन बनाए जिसके जबाव में सियाराम इलेक्ट्रिकल की टीम 9 विकेट खोकर 69 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच दुष्यंत सिंह धिल्लों हरजोत 11 टीम से रहे।

### चन्देरी में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई




**अशोकनगर।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम के अंतर्गत चंदेरी में विविध खेलों की चयन स्पर्धा अयोजित की गई जिनके खिलाड़ियों का चयन उनके खेल के आधार पर किया गया। मध्यप्रदेश शासन के अनुसार पहले ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, सम्भाग फिर राज्य स्तर पर किया जाएगा। प्रतियोगिताओं को करने में अनिल शर्मा, सौरभ त्रिवेदी,साकूलाल रायकवार,शुभम तिवारी अनुराग सिंह तोमर,अमित जैन,गिरधारी पवैया,राजकुमार लोधी,सुरुची रावत ने सहयोग किया खेल और युवा कल्याण विभाग से राजेश कुशवाह उपस्थित थे।

राज्यमंत्री टेटवाल बोले - लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण हो कार्य

# डेढ़ महीने में ही नल-जल योजना की खुली पोल

## बार-बार लीकेज के चलते 5 गांव के आधे घरों मे नहीं पहुंच रहा पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-खिलचीपुर

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना 5 ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। योजना के तहत गांव के हर घर तक नल से जल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि गांव के आधे से अधिक नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण जिले की कुंडालिया परियोजना एवं क्रियान्वयन एजंसी एल एंड टी चालू होने से पहले ही घटिया कार्य होने की ओर इशारा कर रही है।

खिलचीपुर के जैतपुरा कलां सहित गुराडिया,पटेल बडली,कवरजी की बडली, हरिजन मोहल्ला,गुराडिया बडली में पानी की सप्लाई को अभी डेढ महिने ही हुए है और 6 बार लाइन लीकेज होने के कारण अधिकतर जगह पानी नहीं पहुंच पाया जिससे ग्रामीण परेशान रहे। यह जानकारी देने हुए सरंपच गोपाल दांगी ने बताया की ऊंची जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी की किल्लत के चलते महिलाओं और बुजुर्गों को दूर-दराज के हैंडपंप और कुओं से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और पंचायत को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### कमियां छिपाने के लिए जल्दबाजी में हैंडओवर की तैयारी

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में नल-जल योजना को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि योजना से जुड़े ठेकेदार और अधिकारी अधूरे काम व तकनीकी खामियों को दबाने के लिए मात्र डेढ महिने में ही पंचायत को हैंडओवर कर अपनी कमियां छुपाना चाहते हैं, जबकि इतने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार लाइन लीकेज होने की घटना धटित हो चुकी है वही सरपंच गोपाल दांगी का कहना है कि कब कंपनी लगातार 15 दिन पूरे प्रेशर से पानी गांवों के हर एक घर में पहुंचा देगें तब मैं हैंडओवर ले लूंगा। बार बार पाइपलाइन लीकेज होने से दबाव इतना कम है कि नल से पानी निकल ही नहीं रहा। इसके बावजूद ठेकेदार काम पूरा बताए जाने की तैयारी में हैं, ताकि जिम्मेदारी पंचायत पर डालकर अपनी कमियों से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौजूदा स्थिति में हैंडओवर हो गया, तो भविष्य में आने वाली सभी समस्याओं का बोझ पंचायत और ग्रामीणों पर आ जाएगा, जबकि असल जिम्मेदार ठेकेदार और विभागीय अधिकारी हैं। गांव में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।सरपंच सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि हैंडओवर से पहले पूरी योजना की तकनीकी जांच कराई जाए।

### जल निगम - पीएचई विभाग मिशन मोड पर पेयजल कार्य पूर्ण करे : टेटवाल

बुधवार को राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर अनुविभागीय कार्यालय में जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देना रहा।राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारंगपुर अनुविभाग के सभी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को मिशन मोड पर पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल टंकियों, पाइपलाइन विस्तार एवं जल आपूर्ति से जुड़े सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री से किए जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों में अभी तक पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही करने के संकेत भी दिए गए।

### इनका कहना है...

आप मुझे गांवों की डिटेल पहुंचा दीजिए मैं संबंधित से दिखवा लेता हूं।

**दिलीप सिंह, एल एंड टी**

नई चेतना अभियान 4.0 - 'हौसलों की उड़ान'

# कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मकर संक्रांति के पर्व पर मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम "हौसलों की उड़ान" का आयोजन बुधवार को स्थानीय कपिलेश्वर मंदिर परिसर, सारंगपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी आजीविका को सशक्त करना रहा।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित आजीविका मिशन की सराहना करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर हर्षा गोड, प्रभारी आजीविका मिशन ने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग एवं समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे वे हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,संदीप सोनी डीपीएम, नीलम सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा, एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री भी की गई। आयोजन ने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास एवं उद्यमिता की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और संकल्प के साथ किया गया।

## दूध बेचकर लौट रहा ग्रामीण बाइक समेत कुए में गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय लाड़नपुर गांव निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति की बाइक समेत कुएं में गिर जाने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को कुएं से निकालकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पुलिस चौकी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। जानकारी के अनुसार लाड़नपुर निवासी प्रहलाद पिता हरिसिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष बुधवार को दूध बेचने ब्यावरा गया हुआ था। प्रहलाद जब दूध बेचकर आंतरिक मार्ग से वापस लौट रहा था इस दौरान चैनपुरिया गांव के समीप के एक कुएं में बाईक समेत जा गिरा।

घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था पर बाद में कई लोग एकत्रित हो गए जिन्होंने पुलिस को सूचना देने के बाद लहुलुहान प्रहलाद को कुएं से बाहर निकाला। बाद में प्रहलाद को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नागरिकों को नहीं काटने होंगे भोपाल के चक्कर

# सप्ताह में 3 दिन राजगढ़ में उपलब्ध रहेगी 'पासपोर्ट वैन'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर सहित जिलेवासियों को अपना पासपोर्ट बनवाने अब भोपाल के चक्कर नहीं काटने होंगे। नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं जिले में ही उपलब्ध करवाने क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की पासपोर्ट वैन बुधवार से राजगढ़ में तैनात करवाई गई है।

क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले की मौजूदगी में आमजनों की सहुलियत हेतु वैन में उपलब्ध सेवाओं की शुरूआत करवाई गई। इस वैन में पासपोर्ट बनवाने संबंधित सभी तरह की सुविधाएं, दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया सहित पासपोर्ट संबंधी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनमें बायोमेट्रिक नामांकन (फोटोग्राफ, फिंगर प्रिंट, डिजिटल सिग्नेचर) सहित दस्तावेज सत्यापन शामिल है। यह वैन 14 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्थानीय मंगल भवन में सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। इससे राजगढ़ की जनता समय और पैसे की बचत करते हुए पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा सकेगी। नागरिक अपन पासपोर्ट बनवानेविभाग की निर्धारित वेबसाइट पर अपॉइंटमेंट बुक कर सकते है। इसके साथ ही संबंधित साईट पर ही शुल्क भी जमा करवाया जा सकता है।

## खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल में करनवास विजेता

ब्यावरा। खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बालक और बालिका दोनों वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनवास के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत बालक और बालिका दोनों ही वर्ग में करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के बच्चे विजेता रहे। इस अवसर पर अनेक टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच करनवास विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बीच में आयोजित हुआ जो की बहुत ही रोमांचक मैच रहा। इसमें करनवास के बच्चों ने दो एक से जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों को हराया और विजेता बने। साथ ही बालिकाओं वर्ग में भी करनवास हायर सेकेंडरी की बेटियों ने विजेता रहकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संयोजक फिरोज लोधी विद्यालय के रविंद्र सिंह तोमर खबीर मोहम्मद गौरी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राचार्य महेश कुमार यादव एवं जन शिक्षक लाड सिंह चौहान और अशोक शर्मा ने सभी को बधाइयां प्रेषित की और कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और जीत की भावना पैदा होती है जीवन में खेल का उतना ही महत्व है जितना की पढ़ाई का। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ट शिक्षिका मंजू लता चैहान, डॉ अर्चना, सीता नीरा शर्मा नीता मनीषा यादव तृषा सक्सेना जानकी गीतांजलि , पूजा, तवबस्सुम अलीशा मैडम, अंसारी मैडम, साथ ही वरिष्ठ शिक्षक तिर्की, महेश राठौड़ का,कमलेश दांगी राम पाटीदार ,राम दांगी , ललित, यश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कन्या पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

# आगामी 22 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन का हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 22 जनवरी को कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ बुधवार को धार्मिक विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण कर की गई, मंडी परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सर्व समाज की सुख-समृद्धि एवं सम्मेलन की सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं उपहार प्रदान किए गए। ध्वजारोहण के साथ ही रंगोली एवं सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## एकादशी पर तिल, लड्डू, खीर प्रसाद का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

षटतिला एकादशी पर मालवा के खाटू श्याम मंदिर पर बुधवार सुबह से ही भक्त जनों का जनसैलाब लगा रहा। दूर-दूर से भक्तजन डीजे के साथ पैदल श्री श्याम मंदिर तक निशान यात्रा लेकर पहुंचे जगह-जगह भक्त जनों ने स्वागत भी किया। वहीं बाबा श्याम का दरबार रंग बिरंगी पतंग से सजाया गया बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया खाटू धाम समिति द्वारा 1100 किलो साबूदाने की खिचड़ी, 51 किलो तिल के लड्डू और 200 लीटर दूध की खीर का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया है।

आबकारी ने 18 प्रकरण किए दर्ज

# अवैध मदिरा के निर्माण व परिवहन पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा बरामद कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत' द्वारा वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम मानकी ,नापानेरा कंजर अड्डा, नेताहाड़ी , सुठालिया , तोड़ी , गंगाहोने , भावास, तलावली, पहाड़गढ रोड, मऊ पठार एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर 18 प्रक्रण कायम कर 180 लीटरकच्ची मदिरा, 3 बियर, 6 मसाला, 3 प्लेन, महुआ लहान और गुड लहान जप्त की गई। साथ ही 4 ड्रम 5 टंकी और अवैध मदिरा निर्माण के लोहे के 2 ड्रम जब्त किए गए। कार्यवाही में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, परीविक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना भवारे की भूमिका रही।

यज्ञ की पूर्णाहुति पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# धार्मिक स्थल संवासी माता की बड़ली में मकर संक्रांति पर हुआ अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास



संवासी माता बड़ली पर मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संवासी माता जी की बड़ली में आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों से चल रहे विशेष यज्ञ और अनुष्ठान का बुधवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा सुबह शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की अंतिम आहुति दी गई। पंडितों ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के पर्व पर माता जी के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। प्रसादी वितरण का आयोजन यज्ञ के समापन के बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बड़े ही प्रेम और सेवा भाव से प्रसादी वितरित की गई।

इस दौरान स्वयंसेवकों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही।भक्तिमय रहा माहौल पूरा परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का कहना था कि मकर संक्रांति पर माता जी के सानिध्य में यज्ञ की पूर्णाहुति और प्रसादी ग्रहण करना बड़े सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अधिवक्ता संघ नरसिंहगढ़ का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव ललित शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश दांगी, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सह सचिव सरिता जाटव तथा ग्रंथपाल पद पर कैलाश प्रजापति निर्वाचित हुए। इस चुनाव में सबसे रोचक एवं कड़ा मुकाबला सचिव पद के लिए देखने को मिला। सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में अधिवक्ता ललित शर्मा ने 21 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें 170 मतों में से 91 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 70 मत मिले। जीत के बाद नव-निर्वाचित सचिव ललित शर्मा ने कहा कि यह चुनाव अत्यंत कश्मकश भरा एवं चुनौतीपूर्ण रहा। तमाम कयासों के बावजूद सचिव पद पर जीत हासिल हुई, जिसके लिए सभी अधिवक्ताओं का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यकाल में संघ को और अधिक सशक्त बनाने के साथ ही युवा अधिवक्ताओं सहित सभी साथियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



निजी स्कूल और पुलिस का संयुक्त अभियान

# पॉलीथिन मुक्ति, ट्रैफिक सुरक्षा के नारे लगाते हुए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर की शैक्षणिक संस्था करियर कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा यातायात जागरुकता एवं पॉलीथिन मुक्ति के संदेश के साथ नगर में रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल बच्चे अनिवार्य हेलमेट, अनिवार्य सीटबेल्ट एवं पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ से संबंधित नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे।

एसडीओपी अरविंद राठौड़ एवं महिला बाल विकास विभाग डीपीओ श्यामबाबू खरे ने रिबन काटकर रैली को रवाना किया। स्कूल परिसर से आंरभ हुई रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। संस्था संचालक डॉ. राकेश पाण्डे ने अपने कहा कि हमारे जिले में में टैफिक नियमों का पालन न होना एवं प्लास्टिक का उपयोग एक बड़ी ज्वलंत समस्या है। इसमें सुधार हेतु जागरूकता लाना ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों ने इस रैली में उपयोग किए गए हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक लाइट तथा यातयात नियमों की सूचियों का निर्माण स्वयं ही किया था। बच्चों ने नगर से निकले हाइवे के दोनों तरफ मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवाने तथा जेब्रा लाइन की मांग भी अतिथियों के सम्मुख रखी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा, यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डे, मोहन सिंह चौहान, इति शर्मा, नरेंद्र शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश पांडे, रैली संयोजक हिमानी सक्सेना, रानी खान, सुरक्षा प्रभारी मनोज पुष्पद आदि उपस्थित रहे।